**सराहनीय कार्य, जनपद –जालौन**

**दिनांक – 19.08.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व मे थाना गोहन पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को चोरी के रुपये एवं 01 अदद कीपैड के साथ गिरफ्तार किया गया।**

दिनांक 18.08.2025 को वादी श्री सुभाष चन्द्र पुत्र स्व0 भगवानदास निवासी ग्राम जमरेही सानी थाना गोहन जनपद जालौन द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात अभि0 द्वारा वादी का मोबाइल व 6200 रूपये चोरी कर लिया है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना गोहन में मु0अ0सं0 106/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

दिनांक 19.08.2025 को थाना गोहन पुलिस द्वारा रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए, घटना मे शामिल अभियुक्त प्रवेश उर्फ मधु पुत्र जितेन्द्र कुमार नि0 ग्राम कासिमपुर थाना गोहन जनपद जालौन को ग्राम स्थान सैय्यद बाबा की मजार के पास से चोरी के रुपये व एक अदद फोन के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त से माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गोहन में पंजीकृत अभियोग में धारा 305/317(2) बीएनएस में तरमीम कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. प्रवेश उर्फ मधु पुत्र जितेन्द्र कुमार उम्र करीब 18 वर्ष नि0 ग्राम कासिमपुर थाना गोहन जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 01 अदद कीपैड
2. 6200/- रु0 नगद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. थानाध्यक्ष गोहन मय टीम